हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
27 फ़रवरी 2025, समय 1810

- प्रयागराज में महाकुंभ के लिए लगभग 4 :50 करोड़ श्रद्धालुओं ने रेलगाड़ियों में यात्रा की।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कैथल जिले के पूंडरी, कलायत और सीवान में चुनाव प्रचार किया, मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी से बगावत कर चुनाव लड़ रहे नेताओं को पार्टी में वापिस नहीं लिया जाएगा।

- हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने कहा कि शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में मतदान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से होगा।

- हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं आज शुरू हुई, नूह जिले के के पुन्हाना शहर के एक विद्यालय में अंग्रेजी का पेपर लीक हुआ, बोर्ड द्वारा कार्रवाई जारी।

*************************************************************************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ के लिए 16 हजार से अधिक रेलगाड़ियां चलाई गईं। उन्होंने बताया कि रेलवे ने पिछले ढाई वर्ष से इस पर काम किया और महाकुंभ के लिए सारी योजना बनाते समय यात्रियों की सुगम यात्रा पर ध्यान केंद्रित किया गया उन्होंने कहा -

श्री वैष्णव ने कहा कि महाकुंभ के लिए 21 से अधिक ऊपरगामी पुल और अंडरपास भी बनाए गए।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कैथल जिले में नगर पालिका चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने पूंडरी में प्रधान पद की प्रत्याशी ममता सैनी, कलायत में मेनपाल राणा व सीवन में शैल मुंजाल के लिए वोट मांगें।नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद सीवन

पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा  कि बी जे पी ने प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बाद दिल्ली के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को शून्य पर समेट दिया है। श्री नायाब सिंह ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा है कि हरियाणा के नगर निकाय चुनाव में भी जनता काँग्रेस का यही हाल करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बी जी पी से बगावत कर चुनाव लड़ रहे नेताओं को चुनाव के बाद पार्टी में वापिस नहीं लिया जाएगा।मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि लोग बी जे पी सरकार की कल्याणकारी नीतियों से खुश हैं। सरकार सरकार बनते ही विधानसभा चुनाव में किए गए संकल्प पूरे कर रही है और नगर निकाय में जीत के बाद सीवन नगर पालिका में भी तेजी से विकास होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बी जे पी सरकार में मजदूर, गरीब, किसान सहित सभी वर्गों के लोग खुश हैं।

*********************************************************************

हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने कहा है कि शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में मतदान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से होगा, उन्होंने कहा कि 2 मार्च को होने वाले 7 नगर निगमों में महापौर तथा वार्ड सदस्यों के चुनाव के लिए हर एक मतदान केंद्र पर 2 अलग अलग वोटिंग मशीन रखी जाएगी।7 नगर निगमों में फरीदाबाद, गुरूग्राम, मानेसर, हिसार, करनाल, पानीपत, रोहतक और यमुनानगर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 2 मार्च को ही अम्बाला और सोनीपत नगर निगम में महापौर पद के लिए सोहना नगर परिषद और असंध व इस्माईलाबाद नगर पालिकाओं में प्रधान पद तथा सफीदों तरावड़ी व लाडवा नगरपालिकाओं में वार्ड सदस्यों के लिए होने वाले उपचुनाव में हर एक मतदान केंदा पर 7 इ.वी.एम मशीन से मतदान करवाया जाएगा।उन्होंने बताया कि पानीपत नगर निगम का चुनाव 9 मार्च को होगा और यहाँ महापौर तथा वार्ड सदस्यों के लिए होने वाले चुनाव में हर एक केंद्र पर 2 इ.वी.एम मशीन लगाई जाएंगी।

*************************************************************************

हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री व वरिष्ठ बी जे पी नेता कैप्टन अभिमन्यु ने आज नगर निकाय चुनाव के लिए हिसार में पार्टी प्रत्याशियों के लिए प्रचार किया। उन्होंने जनता से  हिसार नगर निगम के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के महापौर पद के प्रत्याशी प्रवीण पोपली को वोटों के बड़े अंतर से जिताने की अपील की।इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने दावा किया कि जनता ने इस नगरीय सरकार के तंत्र को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को सौंपने का मन बना लिया है। भारतीय जनता पार्टी के पार्षद निश्चित तौर पर जीत दर्ज करेंगे।

उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर भी हमले किए। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल में आगजनी और लूट की घटनाएं होने का आरोप लगाते हुए उनकी आलोचना की।

**********************************************************************

हरियाणा निकाय चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने आज फरीदाबाद में अपने संकल्प पत्र के प्रमुख बिंदुओं को जनता के सामने प्रस्तुत किया। एक पत्रकार वार्ता में में बी जे पी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, निकाय चुनाव संकल्प समिति के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल तथा बी जे पी की महापौर पद की प्रत्याशी प्रवीण बतरा जोशी ने मीडिया के समक्ष पार्टी के विजन को साझा किया।प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि बी जे पी सरकार विकास और पारदर्शिता की नीति पर कार्य कर रही है । इस अवसर पर अन्य बी जे पी नेताओं ने भी निकाय चुनाव में पार्टी की रणनीति और संकल्पों पर प्रकाश डाला।

**********************************************************************

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं आज से शुरू हो गई। ये परीक्षाएं प्रदेश भर में कुल 1433 परीक्षा केंद्रों पर ली जा रही हैं। बोर्ड द्वारा परीक्षाओं के सफल एवं नकल रहित संचालन के लिए व्यापक प्रबंध किए जाने के बावजूद आज नूह जिले के पुन्हाना शहर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से अंग्रेजी विषय का पेपर लीक होने की खबर है।

बोर्ड अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने परीक्षा शुरू होने से पहले एक पत्रकार वार्ता में सपश्त किया था कि कि यदि किसी परीक्षा केन्द्र से पेपर आउट होने का मामला पाया जाता है, तो उस केन्द्र के अधीक्षक, पर्यवेक्षक व नकल में संलिप्त परीक्षार्थी के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**************************************************************

हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन द्वारा भिवानी जिला के गांव कलिंगा स्थित श्रीबालाजी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित करवाई गई चार दिवसीय 37वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप कल संपन्न हो गयी। प्रतियोगिता के समापन के दौरान तीसरी फास्ट फाईव जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप का आगाज भी हुआ।हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन के महासचिव विजेंद्र सिंह दहिया ने बताया कि लडक़ो के वर्ग में अंतिम मुकाबला हरियाणा व पंजाब की टीम के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा की टीम ने पंजाब को 28-27 के अंतर से हराया तथा मध्य प्रदेश की टीम तीसरे स्थान पर रही। वही लड़कियों के वर्ग में अंतिम मुकाबला केरल व तेलंगाना की टीम के बीच हुआ, जिसमें केरला ने तेलंगाना को 28-23 के अंतर से

हराया तथा तीसरे स्थान पर हरियाणा की टीम रही। पदक विजेता टीमों को पदक व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

------------------